उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज।

विज्ञप्ति

पत्रांक– 4786 /चयन/ 131–2021/2021–22 दिनांक 18.11.2021

चयन बोर्ड की विज्ञप्ति संख्या–4639/चयन/280–2019/2019–20 दिनांक 06.03.2020 द्वारा विज्ञापन संख्या–01/2011 संस्था प्रधान के 06 मण्डल गोरखपुर, मुरादाबाद, चित्रकूट, मेरठ, बस्ती एवं फैजाबाद में साक्षात्कार के पूर्व 21 दिन की नोटिस अवधि पूर्ण नही होने का आधार लेते हुए इन मण्डलों के पूर्व में सम्पन्न साक्षात्कार निरस्त करके पुनः साक्षात्कार कराये जाने का निर्णय लिया गया था।

2. याचिका संख्या–6547/2020 दीपक भाटिया व अन्य बनाम उ0प्र0 शासन व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 09.09.2020 में की गयी टिप्पणी एवं वेबसाइट पर साक्षात्कार समय सारणी जारी हो जाने से अभ्यर्थियों को 21 दिन पूर्व सूचना प्राप्त हो जाने सम्बन्धी अभ्यर्थियों के प्रत्यावेदन पर बोर्ड द्वारा विचार किया गया। मा0 उच्च न्यायालय की टिप्पणी, अभ्यर्थियों के प्रत्यावेदन में दिये गये तर्क एवं सम्बन्धित पहलुओं पर समग्र रूप से विचारोपरान्त बोर्ड द्वारा पूर्व निर्गत विज्ञप्ति दिनांक 06.03.2020 को निरस्त करने एवं विज्ञापन संख्या–01/2011 संस्था प्रधान के उपर्युक्त 06 मण्डल गोरखपुर, मुरादाबाद, चित्रकूट, मेरठ, बस्ती एवं फैजाबाद के सन्दर्भ में अग्रेतर कार्यवाही किये जाने का निर्णय लिया गया।

3. उपरोक्त निर्णय के क्रम में विज्ञप्ति दिनांक 06.03.2020 को निरस्त किया जाता है।

भवदीय

18-11-2021

उपसचिव

उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड,

प्रयागराज।